***@shahjahanpurpol***

***प्रेस नोट – सराहनीय कार्य दिनांक 26.03.2021***

***थाना कटरा पुलिस ने किया अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड***

***भारी मात्रा मे निर्मित/ अर्द्धनिर्मित अवैध असलहा व असलहा बनाने के उपकरणो सहित***

***शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।***

श्री एस आनन्द पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार में श्री संजीव कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व श्री परमानंद पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी तिलहर के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे आपरेशन पाताल के दौरान थाना कटरा को बडी सफलता मिली।

दिनांक 25.03.21 की रात्रि 20.15 बजे को थाना कटरा की द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम आलमपुर से खरखडी को जाने वाले खडंजे से 30 कदम की दूरी पर खडी गन्ने की फसल मे एक अभियुक्त मेहरबान पुत्र सुलेमान नि0 ग्राम आलमपुर थाना कटरा जिला शाह0 को अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए गिरफ्तार किया गया। मौके से भारी मात्रा मे निर्मित व अर्द्धनिर्मित तमंचे व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये। इस सम्बन्ध में थाना कटरा पर मु0अ0सं0 157/2021 धारा 5/25 A.ACT बनाम मेहरबान उपरोक्त के पंजीकृत किया गया विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय पेशी हेतु रवाना किया जायेगा।

**गिरफ्तार अभियुक्तो का विवरणः-**

1-मेहरबान पुत्र सुलेमान नि0 ग्राम आलमपुर थाना कटरा जिला शाह0

**बरामदगी का विवरणः-**

1. चार तमन्चे नाजायज
2. आठ तमन्चे अर्द्ध निर्मित
3. 09 नाल बड़ी व छोटी
4. दो खोखा कारतूस
5. एक गैस सिलेण्डर मय चूल्हा
6. एक इलैक्ट्रिक टार्च व अन्य नाजायज शस्त्र बनाने के उपकरण आदि बरामद हुये

**विवरण पूछताछ-**

अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि मै लगभग 10 वर्षों से तमन्चा बनाने का काम करता हूँ तथा धारा 302 भादवि के मुकदमे मे जेल चला गया था। जेल से छूटने के बाद आर्थिक तंगी के कारण अपने बच्चो का पालन पोषण करने के लिये फिर से तमन्चा बनाने का काम करने लगा। इस समय पंचायत चुनाव के कारण तमन्चों की मांग काफी ज्यादा है एक तमन्चा बनाने में करीब 1000/- व 1200/- रुपये की लागत आती है तथा एक तमन्चा तीन से चार हजार रुपये का बेच देता हूँ। अभियुक्त से पूछताछ से जो तथ्य प्रकाश मे आयेंगे उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

**आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 सी0 8/03 धारा 147/148/149/302 भादवि थाना कटरा जिला शाह0
2. मु0अ0सं0 155/13 धारा 307 भादवि थाना कटरा जिला शाह0
3. मु0अ0सं0 156/13 धारा 3/5/25 A.ACT व 4/5/9ख विस्फोटक अधि0 थाना कटरा जिला शाह0
4. मु0अ0सं0 157/2021 धारा 5/25 A.ACT थाना कटरा जनपद शाह0

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. व0उ0नि0 सन्तोष कुमार थाना कटरा जनपद शाह0
2. हे0का0 29 जितेन्द्र कुमार थाना कटरा जनपद शाह0
3. हे0का0 400 अजय राना थाना कटरा जनपद शाह0
4. का0 192 गोरव तोमर थाना कटरा जनपद शाह0
5. का0 1802 नवीन कुमार थाना कटरा जनपद शाह0
6. का0 2045 विकास कुमार थाना कटरा जनपद शाह0
7. का0 2106 पवन कुमार थाना कटरा जनपद शाह0